>

Title: Need to start construction of railway line between Gadchiroli and Wadsa in Maharashtra.

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): महाराष्ट्र राज्य का गड.िचरौली चिमुर संसदीय क्षेत्र का जिला मुख्यालय गड.िचरौली रेलवे नेटवर्क से नहीं जुड़ा हुआ है। यह अति पिछड़ा हुआ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। गड.िचरौली जिला मुख्यालय को बड़सा से रेलवे से जोड़ने की मांग पिछले काफी समय से की जा रही थी, जिसे केन्द्र सरकार ने स्वीकार कर लिया है और वर्ष 2010-2011 के रेलवे बजट में इस रेलवे लाइन का प्रावधान भी किया गया है। लेकिन अब तक इस रेलवे लाइन के निर्माण कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है। इस रेलवे लाइन की बड़सा से गड.िचरौली की दूरी मात्र 45 कि0मी0 है।

इस संबंध में यह उल्लेख करना भी उचित होगा कि आज देश नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसका एक प्रमुख कारण इन क्षेत्रों का अविकसित होना ही है। यदि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करके वहां के लोगों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जाये तो नक्सलवाद की समस्या से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह स्वीकार की गई गड.िचरौली-बड़सा रेल लाइन को वरीयता देकर इसका निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।